St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar(2nd term) **Class**: 4 **Date**:02.07.2020

Topic- अपठित गद्यांश **Worksheet -1**

प्राचीन काल में एक धौम्य ऋषि थे |वे जंगल में तपस्या करते , तथा शिष्यों को भी शिक्षा देते थे |वे स्वयं परिश्रमी थे और शिष्यों को भी खूब परिश्रम कराते थे | शिष्य अपने गुरु की हर आज्ञा का पालन करते थे |

एक दिन मूसलाधार बारिश हो रही थी |गुरुजी ने अपने शिष्य आरुणि से कहा - "जाकर खेत की मेड़ बाँध दो ताकि वर्षा का पानी खेत से बाहर न निकलने पाए " | वह तुरंत खेत पर गया | खेत में पानी भरा था |मेड़ नीची होने के कारण पानी निकल रहा था |उसने बहुत सी मिट्टी डाली पर पानी का प्रवाह इतना तेज़ था कि मिट्टी पानी के साथ ही बह रही थी | कुछ सोचने के बाद आरुणि मेड़ पर लेट गया|पानी बहना रुक गया | वह वहीँ लेता रहा |संध्या समय जब सभी छात्र गुरु को प्रणाम करने आए तो उन्हें आरुणि दिखाई नहीं दिया |गुरूजी उसे ढूँढने खेत पर गए | वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि वह मेड़ पर लेटकर पानी को रोके हुए है | गुरूजी ने उसे उठाकर गले से लगा लिया | हमें हमेशा अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए और उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए |

<u>अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-</u>

1) धौम्य ऋषि क्या करते थे ?
2) धौम्य ऋषि कैसे थे ?
3) शिष्य और गुरु के संबंध कैसे थे ?
4) बारिश होने पर गुरु ने अपने शिष्य आरुणि से क्या कहा ?
5) आरुणि मेड़ पर क्यों लेट गया ?

<u>निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :-</u>

6) परिश्रमी -

7) प्रवाह -

<u>वाक्य पुरे करो :-</u>

8) एक दिन मूसलाधार ________________ |

9) गुरूजी ने उसे उठाकर ________________ |

<u>कोई दो व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखो :-</u>

10)

11)

<u>दो सर्वनाम शब्द लिखो :-</u>

12)

13)

<u>दो क्रिया शब्द लिखो :-</u>

14)

15)

<u>दो विशेषण शब्द लिखो :-</u>

16)

17)

<u>दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-</u>

18)बारिश -

19)पानी -

<u>वाक्य बनाओ :-</u>

20)आज्ञा -

Poonam Mehra